# O.P.JINDAL SCHOOL , SAVITRI NAGAR

PRE – BOARD – II (2025-26)

(SET-A)

**कक्षा– 10 वीं** | **निर्धारित समय : 3 घंटे**

**विषय–हिन्दी (अ)** | **अधिकतम अंक : 80**

---

**सामान्य निर्देश: निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए :-**

- इस प्रश्नपत्र में कुल 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
- इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं- क, ख, ग, घ ।
- खंड-क में कुल 2 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 10 है।
- खंड-ख में कुल 4 प्रश्न हैं, जिनमें उप प्रश्नों की संख्या 20 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 16 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।
- खंड-ग में कुल 5 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 21 है।दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 18 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।
- खंड-घ में कुल 4 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।

| प्रश्न | **खण्ड-क→ (अपठित बोध)** | 14 |
|---|---|---|
| 1 | निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।<br><br>मनुष्य में सेवा भाव आवश्यक है । निस्संदेह, जब तक किसी इंसान में मानवता की सेवा की भावना नहीं है, तब तक उसके अंदर त्याग, उदारता, अपनत्व, भाईचारा जैसे गुणों का समावेश नहीं हो सकता। मानवता को मन में धारण करने से स्वहित की दुर्भावना नष्ट हो जाती है और इंसान का जो व्यक्तित्व राई के दाने के समान लघु था, वही विराट रूप ग्रहण करने लगता है। आज के इस युग में जो विसंगतियों सुरसा के समान मुँह फैलाए खड़ी हैं, उनका सबसे बड़ा कारण यही है कि इंसान ने मानवता के स्थान पर स्वहित को ही अपना सबसे बड़ा धर्म मान लिया है। आज इंसान के अंदर अनेकानेक बुराइयों ने घर कर लिया है। अतः इस स्थिति से उबरने के लिए हमें यह विचार करना है कि कैसे इस पूजित धरती पर मानवता को सर्वोपरि धर्म मानने के आदर्श को पुनः हृदय से अपनाया जाए, क्योंकि ऐसा किए बिना मानवता के उत्थान की बात सोचना भी | 7 |

| | |
|---|---|
| | बेईमानी होगा। सच्चा मानव वही कहलाता है, जो दूसरों की पीड़ा को दूर करने का प्रयत्न करता है। वह स्वयं भी आगे बढ़ता है और दूसरों को भी आगे बढ़ने में सहायता करता है। |
| (i) | मानवता की सेवा करने से व्यक्तित्व में किन गुणों का समावेश हो जाता है?<br><br>(क ) स्वार्थ, लालसा, भाईचारा जैसे गुणों का<br>(ख) निस्वार्थ, लालची, परोपकारी जैसे गुणों का<br>(ग) त्याग, उदारता, अपनत्व, भाईचारा जैसे गुणों का<br>(घ) त्याग, बलिदान, संवेदनहीन, भाईचारा जैसे गुणों का |
| (ii) | कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-<br>कथन (A): सच्चा मानव वहीं कहलाता है जो दूसरों की पीड़ा को दूर करने का प्रयास करता है।<br>कारण (R): वह स्वयं भी आगे बढ़ता है और दूसरों को भी आगे बढ़ाने में सहायता करता है।<br><br>(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।<br>(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।<br>(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।<br>(घ) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है। |
| (iii) | इंसान का व्यक्तित्व विराट रूप लेता है। कथन के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए-<br><br>1. स्वहित की भावना को धारण करने पर<br>2. दूसरों के दुखों को जानकर<br>3. मानवता को मन में धारण करने पर<br>4. अत्यधिक धन संग्रह कर लेने पर<br>विकल्प<br>(क) कथन 1 और 2 सही हैं।<br>(ख) कथन 2 और 3 सही हैं।<br>(ग) केवल कथन 3 सही है।<br>(घ) कथन 1 और 4 सही हैं। |

| | | |
|---|---|---|
| (iv) | सच्चा मानव कौन कहलाता है? | 2 |
| (v) | गद्यांश के अनुसार बुराइयों से उबरने के लिए क्या किया जाना चाहिए? | 2 |
| 2 | निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिएः-<br><br>किस भाँति जीना चाहिए किस भाँति मरना चाहिए,<br>सो सब हमें निज पूर्वजों से याद करना चाहिए।<br>पद-चिह्न उनके यत्नपूर्वक खोज लेना चाहिए,<br>निज पूर्व-गौरव-दीप का बुझने न देना चाहिए।<br>आओ मिलें सब देश-बांधव हार बनकर देश के,<br>साधन बने सब प्रेम से सुख-शांतिमय उद्देश्य के।<br>क्या सांप्रदायिक भेद से है, ऐक्य मिट सकता अहो,<br>बनती नहीं क्या एक माला विविध सुमनों की कहो?<br>प्राचीन हो कि नवीन, छोड़ो रूढ़ियाँ जो हों बुरी<br>बनकर विवेकी तुम दिखाओ हंस जैसी चातुरी,<br>प्राचीन बातें ही भली हैं, यह विचार अलीक है<br>जैसी अवस्था हो जहाँ जैसी व्यवस्था ठीक है,<br>मुख से न होकर चित्त से देशानुरागी हो सदा।<br>देकर उन्हें साहाख्य भरसक सब विपत्ति व्यथा हरो,<br>निज दुःख से ही दूसरों के दुःख का अनुभव करो। | |
| (i) | काव्यांश में किसके जैसा चालाक बनने की सीख दी गई है?<br>(क) हंस जैसा<br>(ख) लोमड़ी जैसा<br>(ग) बंदर जैसा<br>(घ) बिल्ली जैसा | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| (ii) | "एक माला विविध सुमनों की "। पंक्ति का आशय उचित विकल्प का चयन कीजिए।<br><br>1. एक माला में अनेक तरह के फूल गुंथे होते हैं।<br>2. भारत में विभिन्न धर्मों के लोग एक साथ रहते हैं।<br>3. सांप्रदायिकता देश के लिए खतरा है<br>4. धार्मिक भेद-भाव एक गंभीर समस्या है।<br>विकल्प<br>(क) कथन । और 2 सही हैं।<br>(ख) कयन 1, 2 और 4 सही हैं।<br>(ग) केवल कथन 2 सही है।<br>(घ) कथन 1, 3 और 4 सही हैं। | |
| (iii) | **कथन (A) और कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनिएः-**<br>**कथन (A) :** लोगों मे देश के प्रति दिल से प्रेम होना चाहिए ।<br>**कारण (R) :** देश प्रेम सर्वोपरि है ।<br>(क) कथन A गलत है, किंतु कारण R सही है।<br>(ख) कथन A और कारण R दोनों गलत हैं।<br>(ग) कथन A और कारण R दोनों सही हैं तथा कारण R कथन A की सही व्याख्या है।<br>(घ) कथन A और कारण R दोनों सही हैं, परंतु कारण R कथन A की सही व्याख्या नहीं है। | 1 |
| (iv) | काव्यांश मे पूर्वजों को याद करने की बात क्यों कही गई है ? | 2 |
| (v) | इस काव्यांश से हमे क्या संदेश मिलता है ? | 2 |
| | **खंड-ख (व्यावहारिक व्याकरण)** | **16** |
| 3 | निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए :(1×4=4) | |
| (i) | हालदार साहब जीप से उतरते ही तेज-तेज कदमों से मूर्ति की तरफ लपककर ठीक सामने जाकर अटेंशन में खड़े हो गए। - इस वाक्य को संयुक्त वाक्य में बदलिए। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| (ii) | बालगोबित भगत की मौत उन्हीं के अनुरूप हुई। रचना के आधार पर वाक्य भेद लिखिए। | 1 |
| (iii) | काशी का नायाब हीरा हमेशा से दो कौमों को एक होकर आपस में भाईचारे के साथ रहने की प्रेरणा देता रहा। इस वाक्य को मिश्रित वाक्य में बदलिए। | 1 |
| (iv) | जब उसने हालदार साहब का प्रश्न सुना तो आँखों-ही-आँखों में हँसा। आश्रित उपवाक्य छाँटकर उसका भेद भी लिखिए। | 1 |
| (v | वह अस्वस्थ था इसलिए परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हो सका। इस वाक्य को सरल वाक्य में बदलिए। | 1 |
| 4 | निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए :(1×4=4) | |
| (i) | नगरपालिका के किसी उत्साही बोर्ड या प्रशासनिक अधिकारी के द्वारा एक बार 'शहर' के मुख्य बाजार के मुख्य चौराहे पर सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा लगवा दी गई। इसे कर्तृवाच्य में बदलिए। | 1 |
| (ii) | माँ से बैठा नहीं जाता। किस वाच्य का उदाहरण है? | 1 |
| (iii) | एक संस्कृत व्यक्ति किसी नई चीज की खोज करता है। इसे कर्मवाच्य में बदलिए। | 1 |
| (iv) | छुट्टी में देर तक सोएँगे। इसे भाववाच्य में बदलिए। | 1 |
| (v) | कर्मवाच्य में क्रिया सदैव ---------------- होती है (सही शब्द से रिक्त स्थान की पूर्ति करें) | 1 |
| 5 | 'पद-परिचय' पर आधारित पाँच में से किन्हीं चार प्रश्नों के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए । (1×4=4) | |
| क | <u>हमें</u> अपने देश पर गर्व है । | 1 |
| ख | <u>स्टेशन पर</u> खीरा बेचने वाले खीरे के इस्तेमाल का तरीका जानते हैं। | 1 |
| ग | <u>भोलानाथ</u> अपने साथियों को देखकर सिसकना भूल गया । | 1 |
| घ | मैं <u>दसवी</u> कक्षा मे पढ़ता हूँ। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| ङ | वाह! भाई खूब ! क्या आईडिया है ? | 1 |
| 6 | निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर अलंकारों को पहचान कर लिखिए: (1×4=4) | |
| क | प्रीति-नदी मे पाऊँ न बौरयो । | 1 |
| ख | कहीं सांस लेते हो ,घर- घर भर देते हो । | 1 |
| ग | "आगे नदियाँ पड़ी अपार, घोड़ा कैसे उतरे पार।<br>राणा ने सोचा इस पार, तब तक चेतक था उस पार॥" | 1 |
| घ | उस काल मारे क्रोध के, तनु काँपने उनका लगा।<br>मानो हवा के ज़ोर से, सोता हुआ सागर जगा ॥" | 1 |
| ङ | "बाल कल्पना के-से पाले"। | 1 |
| | **खंड-ग→(पाठ्यपुस्तक और पूरक पाठ्यपुस्तक)** | **30** |
| 7 | निम्नलिखित पठित गदयां पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए (1x5=5)<br>बिस्मिल्ला खाँ की उम्र अभी 14 साल है। वही काशी है। वही पुराना बालाजी का मंदिर जहाँ बिस्मिल्ला ख़ाँ को नौबतखाने रियाज के लिए जाना पड़ता है। मगर एक रास्ता है बालाजी मंदिर तक जाने का। यह रास्ता रसूलनबाई और बतूलनबाई के यहाँ से होकर जाता है। इस रास्ते से अमीरुददीन को जाना अच्छा लगता है। इस रास्ते से न जाने कितने तरह के बोल बनाव, कभी ठुमरी, कभी टप्पे, कभी दादरा के मार्फत ड्योढी तक पहुँचते रहते हैं। रसूलन और बतूलन जब गाती हैं, तब अमीरुददीन को खुशी मिलती है। अपने ढेरों साक्षात्कारों में बिस्मिल्ला खाँ साहब ने स्वीकार किया है कि उन्हें अपने जीवन के आरंभिक दिनों में संगीत के प्रति आसक्ति इन्हीं गायिका बहिनों को सुनकर मिली है। एक प्रकार से उनकी अबोध उम्र में अनुभव की स्लेट पर संगीत प्रेरणा की वर्णमाला रसूलनबाई और बतूलनबाई ने उकेरी है। | |
| (i) | बिस्मिल्ला खाँ का मूल नाम क्या है?<br>(क) शम्सुद्दीन<br>(ख) अमीरुद्दीन<br>(ग) सादिक हुसैन | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (घ) अलीबख्श | |
| (ii) | कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-<br>कथन (A): रसूलन और बतूलन के गीत को सुनकर अमीरुद्दीन को खुशी मिलती है।<br>कारण (R) : अमीरुद्दीन को शहनाई के प्रति आसक्ति इन्हीं गायिका बहिनों को सुनकर मिलती है।<br>विकल्प<br>(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।<br>(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।<br>(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।<br>(घ) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है। | 1 |
| (iii) | अपने ढेरों साक्षात्कारों में बिस्मिल्ला खाँ साहब ने क्या स्वीकार किया?<br>(क) उनका जन्म एक संगीत प्रेमी परिवार में हुआ।<br>(ख) सादिक हुसैन देश के जाने-माने शहनाई वादक है।<br>(ग) संगीत के प्रति उनकी आसक्ति रसूलनबाई और बतूलनबाई को सुनकर हुआ।<br>(घ) रियाज के लिए वे बालाजी मंदिर जाया करते थे। | 1 |
| (iv) | बिस्मिल्ला ख़ाँ रियाज के लिए बालाजी मंदिर के नौबतखाने जाया करते थे। इससे पता चलता है कि उनकी आस्था-<br>1. केवल हिंदू धर्म में थी।<br>2. केवल इस्लाम धर्म में थी।<br>3. हिंदू और इस्लाम दोनों धर्मों में थीं।<br>4. किसी भी धर्म में नहीं थी।<br>विकल्प<br>(क) कथन 1 और 2 सही हैं।<br>(ख) कथन 1, 3 और 4 सही हैं।<br>(ग) केवल कथन 3 सही हैं।<br>(घ) कथन 1, 2 और 4 सही हैं। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| (v) | निम्नलिखित में से कौन-सा संगीत का रूप है?<br>1. ठुमरी 2. टप्पा<br>3. शहनाई 4. दादरा<br>विकल्प<br>(क) कथन 1 और 2 सही हैं।<br>(ख) कथन 1, 3 और 4 सही हैं।<br>(ग) केवल कथन 3 सही है।<br>(घ) कथन 1, 2 और 4 सही हैं। | 1 |
| 8 | निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए : (3×2=6) | |
| क | मूर्ति पर सरकंडे का चश्मा क्या उम्मीद जगाता है? | 2 |
| ख | बालगोबिन भगत एक समाज सुधारक थे। यह उनके जीवन की किन घटनाओं से सिद्ध होता है ? | 2 |
| ग | लेखिका के व्यक्तित्व पर किन-किन व्यक्तियों का किस रूप में प्रभाव पड़ा ? एक कहानी यह भी पाठ के आधार पर लिखिए । | 2 |
| घ | वास्तविक अर्थों में 'संस्कृत व्यक्ति' किसे कहा जा सकता है ? 'संस्कृति' पाठ के आधार पर बताइए । | 2 |
| 9 | पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प वाले उत्तर चुनकर लिखिएः-(5×1=5) | |
| | बादल, गरजो!<br>घेर - घेर - घोर गगन, धाराधर ओ!<br>ललित - ललित, काले घुँघराले,<br>बाल कल्पना के-से पाले<br>विद्युत-छवि उर में, कवि, नवजीवन वाले !<br>वज्र छिपा, नूतन कविता<br>फिर भर दो-<br>बादल, गरजो- | |

| | | |
|---|---|---|
| | विकल - विकल, उन्मन थे उन्मन ,<br>विश्व के निदाघ के सकलजन,<br>आए अज्ञात दिशा से अनंत के घन !<br>तप्त धरा, जल से फिर<br>शीतल कर दो-<br>बादल, गरजो ! | |
| क | असीम ऊर्जा किसमें छिपी हुई है?<br>(क) लोगों में<br>(ख) आकाश में<br>(ग) बच्चों में<br>(घ) बादलों में | 1 |
| ख | कवि बादलों को क्या मानते हैं?<br>(क) क्रांति दूत<br>(ख) बाल-कल्पना<br>(ग) काले बाल<br>(घ) बरसने वाले | 1 |
| ग | कवि बादल से किसे घेर लेने के लिए कहता है?<br>(क) पृथ्वी को<br>(ख) आकाश को<br>(ग) बच्चों को<br>(घ) काले बालों को | 1 |
| घ | बादलों की समानता किससे की गई है? सही विकल्प का चयन कीजिए-<br>1. बिजली की चमक से<br>2. बज्र जैसी कठोरता से<br>3. काले घुँघराले बालों से<br>4. नूतन कविता से<br>विकल्प<br>(क) कथन 3 सही है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (ख) कथन । और 2 सही हैं।<br>(ग) कथन 2 और 3 सही हैं।<br>(घ) कथन 3 और 4 सही हैं। | |
| ङ | कथन (A) और कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए-<br>कथन (A): बादल के हृदय में असीम ऊर्जा भरी हुई है।<br>कारण (R): बादल किसी कवि की नयी कविता की तरह है।<br>विकल्प<br>(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।<br>(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।<br>(ग) कवन (A) सही है और कारण (R) कयन (A) की सही व्याख्या है।<br>(घ) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है। | 1 |
| 10 | निर्धारित पद्य-पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन प्रश्नों** के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिएः-**(3×2=6)** | |
| क | आपके पाठ्यक्रम के किस कविता मे कवि ने बादलों की गर्जना का आहवान किया है इस आहवान के पीछे कवि का क्या उद्देश्य है ? | 2 |
| ख | धनुष टूटने पर लक्ष्मण किन तर्कों के आधार पर राम को निर्दोष सिद्ध करने का प्रयास कर रहे थे ? | 2 |
| ग | कवि जयशंकर प्रसाद ने आत्मकथा न लिखने के कौन-कौन से कारण गिनाए हैं ? | 2 |
| घ | आप अपने जीवन में मुख्य कलाकार की भूमिका निभाना पसंद करेंगे या संगतकार (सह कलाकार) की ? तर्क सहित उत्तर दीजिए । | 2 |
| 11 | पूरक पाठ्यपुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए : **(2×4=8)** | |
| क | "माता का अंचल" उपन्यास के अंश में तीस के दशक की ग्राम्य संस्कृति का चित्रण है। आज की ग्रामीण संस्कृति में आपको किस तरह के परिवर्तन दिखाई देते हैं। | 4 |

| | | |
|---|---|---|
| **ख** | लेखक के अनुसार प्रत्यक्ष अनुभव की अपेक्षा अनुभूति उनके लेखन में कहीं अधिक मदद करती है \| "मैं क्यों लिखता हूँ"पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए । | 4 |
| **ग** | आज की पीढ़ी द्वारा प्रकृति के साथ किस तरह का खिलवाड़ किया जा रहा है। इसे रोकने में आपकी क्या भूमिका होनी चाहिए ? | 4 |
| | **खंड-घ →(रचनात्मक लेखन)** | **20** |
| **12** | निम्नलिखित किन्हीं तीन विषयों में से एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं की सहायता से 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखें:-<br>**(क) खेलकूद है आवश्यक**<br>संकेत-बिंदु:-* शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य<br>*प्रतिस्पर्धा की भावना<br>*अनुशासन की प्रेरणा<br>**(ख) स्वच्छ भारत अभियान -एक वरदान**<br>संकेत-बिंदु:- * उद्देश्य<br>* देश के विकास में स्वच्छता का योगदान<br>*अस्वच्छता के कारण व उसे रोकने के उपाय<br>*जागरूक नागरिक के रूप में आपकी भूमिका<br>**(ग) मानव जीवन में कर्म का महत्त्व**<br>संकेत-बिंदु:-<br>* भूमिका<br>* परिश्रम सफलता की कुंजी<br>*केवल कर्म में आसक्ति *निष्ठा | 6 |
| **13** | आपका नाम सुहास /सुहानी है आपकी कालोनी में नगर निगम के कर्मचारी सड़क खोदकर चले गए और एक महीना होने को है जहाँ कोई भी सड़क बनाने नहीं आया। आप इस समस्या का शीघ्र समाधान कराने का अनुरोध करते हुए अधिशासी अभियंता को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।<br>***अथवा*** | 5 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | किसी पर्यटन स्थल की यात्रा पूरी करके छात्रावास में सकुशल पहुँच जाने की सूचना देते हुए अपने माताजी को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। | |
| 14 | आपका नाम अनुपम /अनुपमा है। आप बी.सी.ए. कर चुके हैं। आपको एक मल्टीनेशनल कंपनी में सहायक कंप्यूटर इंजीनियर (सॉफ्टवेयर) पद के लिए आवेदन करना है। इसके लिए आप अपना एक संक्षिप्त स्ववृत्त (बायोडाटा) लगभग 80 शब्दों में कीजिए।<br>*अथवा*<br>आपका नाम अनुपम /अनुपमा है। आपने क्षितिज भाग 2 ऑन लाइन आर्डर किए थे जो एक सप्ताह में पहुँचने चाहिए थे, पर दस दिन बीत जाने पर भी आपको प्राप्त नहीं हुए हैं। इ-कमर्शियल कंपनी को अपना आर्डर रद्द करने के लिए लगभग 80 शब्दों में ई-मेल लिखिए। | 5 |
| 15 | प्रदूषण से बचने के लिए जनहित में जारी एक विज्ञापन पर्यावरण विभाग की ओर से लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए।<br>*अथवा*<br>पर्यावरण-दिवस के अवसर पर अपने सहपाठियों को वृक्षारोपण के लिए प्रोत्साहित करते हुए लगभग 40 शब्दों में संदेश लिखिए। | 4 |